# First PUC Annual Examination, February - 2020

**Time : 3-15 Hrs.** **Subject - Hindi (03)** **Max. Marks : 100**

सूचना : 1. सभी प्रश्नों के उत्तर हिन्दी भाषा तथा देवनागरी लिपि में लिखना आवश्यक है ।
2. प्रश्नों की क्रमसंख्या लिखना अनिवार्य हैं ।

I (अ) एक शब्द या वाक्यांश या वाक्य में उत्तर लिखिए । **6 x 1 = 6**

1. किसकी आँखें लाल हो गयी थी?
2. कौन बडा ईर्ष्यालु माना जाता है?
3. महादेवी वर्मा की बाल्य सखी कौन थी?
4. क्या बॉयपास सर्जरी भारत में संभव है?
5. आठ वर्ष की प्यारी बच्ची का नाम क्या है?
6. राष्ट्र का तीसरा अंग कौन सा है।

(आ) निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्ही तीन प्रश्नों के उत्तर लिखिए । **3 x 3 = 9**

7. शिक्षा के बारे में स्वामी विवेकानन्द क्या कहते हैं?
8. बिन्दा के घर के सामने भीड देखकर लेखिका के मन में क्या विचार आने लगे?
9. पत्नी की मृत्यु का डा. अम्बेडकर पर क्या प्रभाव पडा?
10. थर्ड डिविजनरों की व्यथा का वर्णन कीजीए।
11. रमेश ने बेहोशी का अभिनय क्यों किया?

II (अ) निम्नलिखित वाक्य किसने किससे कहे? **4 x 1 = 4**

12. जिसके गुमान पर भूली हुई, उसे भी देखुगाँ और तुम्हें भी ।
13. वह रही मेरी अम्मा ।
14. आपका उमिदवार किस डिविजन में पास है?
15. तुम भी खा लेना, गाय को भी खिला देना ।

(आ) निम्नलिखित में से किन्ही दो का ससंदर्भ स्पष्टीकरण कीजिए । **2 x 3 = 6**

16. बडे घर की बेटियाँ ऐसी ही होती है, बिगडता हुआ काम बना लेती है।
17. ज्यों–ज्यों कर्म क्षीण होता जाता है । त्यों–त्यों निंदा की प्रवृती बढ जाती है ।
18. यह मार्ग अपेक्षा कृत भयानक है । इसलिए इसका सौंदर्य अभी अछूता है ।
19. संस्कृति ही जन का मस्तिष्क है ।

III (अ) एक शब्द या वाक्यांश या वाक्य में उत्तर लिखिए । **6 x 1 = 6**

20. संत का स्वभाव कैसा होता है?
21. बसवेश्वर के आराध्य देव का नाम क्या है?
22. सीताजी कुटिया को क्या समझती है?

23. कवि बच्चनजी ने क्या लुटाया?

24. कवि ने दिवास्वप्न की रानी किसे कहा है?

25. वीर किससे हाथ मिलाते हैं? 2 x 3 = 6

(आ) **निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं दो के उत्तर लिखिए ।**

26. मीराबाई की कृष्णभक्ति का वर्णन कीजिए ।

27. तोडती पत्थर कविता का सारांश लिखिए ।

28. बच्चनजी ने संसार और जीवन के बारे में क्या कहा है?

29. नारी के विभिन्न गुणों का वर्णन कीजिए । 2 x 4 = 8

(इ) **ससंदर्भ भाव स्पष्ट कीजिए :-**

30. जाती न पूछो साधु की, पूछ लीजिए ज्ञान ।
मोल करो तलवार का, पडा रहन दो म्यान ॥

अथवा

मोर पखा सिर ऊपर राखिहौं गूंज की माला गरे पहिरौंगी ।
ओढी पिताम्बर लै लकुटीबन, गोधन ग्वारनि संग फिरौंगी ॥
भवतो वोही मेरो रसखानि, सो तेरे कहे सब स्वाँग करौंगी ।
या मुरली मुरलीधर की, अधरान धरी अधरा न धरौंगी ॥

31. जीवन में न निराशा मुझको,
कभी रुलाने को आई।
जग झूठा है यह विरक्त भी,
नही सिखाने को आई ॥

अथवा

दुःख दैन्य अशृ दारिद्र धारकर ।
गए मुझे ही मनो नीत ॥
तूफान और इस आँधी में सुनवाने,
रज का जीव गीत ॥

**IV (अ) एक शब्द या वाक्यांश या वाक्यों में उत्तर लिखिए ।** 6 x 1 = 6

32. ठाकुर सरदार सिंह का लडका कहाँ पढता था?

33. श्मशान मनुष्य से प्यार के बहले क्या पाता है?

34. लडकी की पढाई कहाँ तक हुई थी?

35. चन्द्र प्रकाश के पत्नी का नाम क्या है?

36. मालती ने किस मुहल्ले के कुएँ से पानी निकालकर पिया था?

37. 'दोपहर का भोजन' कहानी लेखक कौन है?

(आ) निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं तीन प्रश्नों के उत्तर लिखिए। 3 x 3 = 9

38. मधुआ पात्र का चरित्र चित्रण कीजिए।

39. अंततः पहाडी ने तरस खाकर श्मशान से क्या कहा है?

40. बाबुजी सगाई में केवल सवा रुपय ही क्यों लेना चाहते थे?

41. दिल्ली में शीत–लहर का वर्णन कीजिए।

42. सिलिया ने मन ही मन क्या दृढ संकल्प किया?

43. सिद्धेश्वरी के परिवार का संक्षिप्त परिचय दीजिए?

V (अ) वाक्य शुद्ध कीजिए। 5 x 1 = 5

44. क) निन्दा का ऐसी महिमा है।

ख) आपके बारे में मुझे कोई बुरी नहीं कहता।

ग) रोहन ने रोटी खाया।

घ) सूर्य की किरणें चमक रही है।

ङ) गुण–शिला चलती – चलती थक गए।

(आ) कोष्ठक में दिये गये उचित कारक चिन्हों से रिक्त स्थान भरिए। 5 x 1 = 5

(की, से, में, का ने)

45. क) उसके सीने----------- दर्द उठने लगता है।

ख) यह बडा घर रोहन ---------- है।

ग) नेता ----------- सभा सभा को संबोधित किया।

घ) उसके घर जाने ------------ माँ ने मुझे रोक दिया था।

ङ) बिन्दा ------------ समस्या का समाधान न हो सका।

(इ) निम्नलिखित मुहावरों को अर्थ के साथ जोडकर लिखिए। 4 x 1 = 4

46. 1) दाँत पीसना क) कठोर होना

2) नौ दो ग्यारह होना ख) भीख माँगना

3) आँचल पसरना ग) क्रोध करना

4) दिल न पिघलना घ) भाग जाना

(ई) निम्नलिखित वाक्यों को सूचनानुसार बदलिए। 3 x 1 = 3

47. क) हम प्रतिदिन तीन बजे उठते थे। (वर्तमान काल में लिखिए)

ख) श्याम काम करता है (भूतकाल में लिखिए।)

ग) नेताजी ने भाषण दिया। (भविष्यत्काल में लिखिए)

(उ) अन्य लिंग रूप लिखिए। 2 x 1 = 2

48. पूजारी, बिल्ली

(ऊ) अन्य वचन रूप लिखिए। 2 x 1 = 2

49. धमनियाँ, घर

(ए) समानार्थक शब्द लिखिए। 2 x 1 = 2

50. नयन, गज

(ऐ) विलोम शब्द लिखिए। 2 x 1 = 2

51. बेचैन, शोर

VI (अ) निम्नलिखित अनुच्छेद पढकर उस पर आधारित प्रश्नों के उत्तर लिखिए । 5 x 1 = 5

52. इसी गरुड – गंगा से पाताल गंगा की चढई आरम्भ होती है । गंगा सचमुच पताल में है, और किनारे का पहाड हमेशा टूटता रहता है । सडक के नाम पर संकरी पगडंडी इतनी संकरी है और टेडी मेडी है। जैसे काली भयानक घटा में बिजली की चमका लेकिन सुना जाता है कि इसी प्रदेश में पार्वती ने शिव से विवाह करने के लिए तप किया था । वर्षों पत्ते खाकर रही थी । इसलिए आज भी यह पर्णखंड या पैखंडा कहलाता है । यही कहानियाँ हम सुनते–सुनते जोषिमठ जा पहुँचे । यहाँ से बद्रिनाथ केवल 19 मिल रह जाता है । यह आद्य शंकाराचार्य द्वारा स्थपित चार मठों में से एक है । यहँ पर हमने किमू अर्थात् शहतूत के पेड देखा, जिसके बारे में सुना जाता है कि उसके निचे बैठकर प्रतिभा पूंज शंकर ने उपनिषदों पर टीकाऐं लिखि थी । निचे छोटा–सा कसबा है । उसमें भी कई मंदिर है । इन मंदिरों जो मूर्तियाँ है उसमें कई कला की दृष्टि से बडी सुंदर है ।

प्रश्न :–

1) पाताल गंगा की चढाई कहाँ से शुरु होती है?

2) पार्वती ने किससे विवाह कहने के लिए तपकिया था?

3) जोषिमठ से बद्रिनाथ कितनी मिल दूर है?

4) जोषिमठ की स्थापना किसने की थी?

5) किस पेड के निचे उपनिषदों पर टीका किसने लिखिथी?

(आ) 53. आदतों से दूर रहते हुए रहने की सलाह देते हुए अपने मित्र के नाम एक पत्र लिखिए । 1 x 5 = 5

अथवा

अपने बहन की शादि केलिए चार दिन की छुट्टी माँगते हुए, प्रधानाचार्यजी के नाम एक पत्र लिखिए ।

(इ) हिन्दी में अनुवाद कीजिए । 5 x 1 = 5

54. 1) ಕನ್ನಡವು ನಮ್ಮ ರಾಜ್ಯ ಭಾಷೆಯಾಗಿದೆ.
Kannada is our state language.

2) ಕಳೆದುಹೋದ ಸಮಯವು ಎಂದೂ ಮರಳಿ ಬರುವುದಿಲ್ಲ.
Time lost is never ragained.

3) ಭಾರತವು ಶ್ರೀಮಂತ ಸಂಸ್ಕೃತಿಯ ದೇಶವಾಗಿದೆ.
India is a rich cultured country.

4) ಭಾರತದಲ್ಲಿ ಬಹಳಷ್ಟು ಜನರಿಗೆ ಹಿಂದಿ ತಿಳಿಯುತ್ತದೆ.
Most of people in India known Hindi.

5) ನಾವು ಭಾರತೀಯರು.
We are Indians.